राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल को माननीय मंत्री, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने 'बिहार डायरी–2020' एवं 'बिहार कैलेण्डर–2020' सादर समर्पित किया

पटना, 01 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान को सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के माननीय मंत्री श्री नीरज कुमार ने सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार द्वारा प्रकाशित 'बिहार डायरी–2020' एवं 'बिहार कैलेण्डर–2020' सादर समर्पित किया।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'बिहार डायरी' एवं 'बिहार कैलेण्डर' के ससमय प्रकाशन पर खुशी जाहिर की एवं माननीय मंत्री को बधाई दी। राज्यपाल श्री चौहान ने 'बिहार कैलेण्डर' के माध्यम से सरकार की विकासपरक नीतियों, उपलब्धियों एवं बिहार की विरासतों को जन–समुदाय के बीच प्रचारित–प्रसारित करने के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सार्थक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

उक्त मौके पर राज्यपाल को माननीय मंत्री ने बताया कि 'बिहार कैलेण्डर' के कवर पेज के अतिरिक्त सभी बारह पन्नों पर अलग–अलग थीम पर आधारित चित्र प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कैलेण्डर में कवर के अतिरिक्त पहले पेज से बारहवें पेज पर क्रमशः –ऊर्जा, प्रशासनिक सुधार के आयाम, विकसित बिहार के 7 निश्चय, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, नवनिर्मित एवं प्रस्तावित भवन, वंचित वर्गों का विकास, आपदा प्रबंधन, जल–जीवन–हरियाली, महिला सशक्तीकरण, ईको–टूरिज्म, कृषि एवं सड़क अनुरक्षण –उपशीर्षकों के अंतर्गत सरकारी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं विषयक उत्कृष्ट रंगीन चित्र प्रकाशित किए गए हैं।

राज्यपाल को माननीय मंत्री, सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा 'बिहार डायरी' एवं 'बिहार कैलेण्डर' सादर भेंट करते समय सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक श्री प्रदीप कुमार झा भी उपस्थित थे।

....